हरिभूमि
# रत्न भूमि
रायपुर, बुधवार 6 मई 2026


तापमान

अधिकतम 36.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री


11 विद्युत कर्मचारियों ने सौंपा विधायक रोहित को...





12 भुंजिया जनजाति का लाल बंगला, जहां बाहरी...






## खबर संक्षेप

### पोखरा परिक्षेत्र का शपथ ग्रहण समारोह आज

**राजिम।** पोखरा परिक्षेत्र में 6 मई को ग्रामीण में एक भव्य एवं ऐतिहासिक शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन साहू समाज भवन बासीन में जहां समाज के नव



निर्वाचन पदाधिकारी विधिवत पद एवं गोपनीयता की शपथ लेंगे कार्यक्रम को लेकर समाज में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है और बड़ी संख्या में लोगों के शामिल होने की संभावना है समारोह के संबंध में जानकारी देते हुए अश्वनी साहू ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप विधायक रोहित साहू विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में उपाध्यक्ष छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ साधना साहू ,संगठन सचिव प्रदेश साहू संघ प्रदीप साहू पूर्व अध्यक्ष छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ टहल साहू अध्यक्ष जिला साहू संघ गरियाबंद प्रवीण साहू ,राजिम भक्तिन माता समिति के अध्यक्ष लाला साहू ,जगदीश साहू ,नंदनी-कोमल ढीढी, इंद्राणी-नेहरू साहू, सतीश यादव होंगे।

### रामेश्वर को 12वीं में मिले 88% अंक

**राजिम।** सरस्वती शिशु मंदिर राजिम के छात्र रामेश्वर मिश्रा ने



12वीं बोर्ड परीक्षा में 88% अंक प्राप्त कर अपने विद्यालय में टॉप टेन में स्थान प्राप्त किया है। छात्रा रामेश्वर छत्तीसगढ़ प्रदेश शिक्षक संघ के अध्यक्ष रामनारायण मिश्रा के बेटे है।

### सेजेस छुरा में प्रवेश के लिए लॉटरी आज

**छुरा।** स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय छुरा में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश प्रक्रिया के अंतर्गत 06 मई 2026 को लॉटरी प्रणाली के माध्यम से विद्यार्थियों का चयन किया जाएगा। यह लॉटरी प्रक्रिया (स्कूल प्रबंधन एवं विकास समिति) के सदस्यगण, जनप्रतिनिधि एवं अधिकारीगणों की उपस्थिति में संपन्न की जाएगी, जिससे पूरी प्रक्रिया पारदर्शी एवं निष्पक्ष बनी रहे। विद्यालय के प्राचार्य प्रदीप कुमार मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि प्राप्त आवेदनों के आधार पर केवल उन कक्षाओं में लॉटरी आयोजित की जाएगी, जहां सीटें रिक्त हैं और आवेदनों की संख्या उपलब्ध सीटों से अधिक है। लॉटरी प्रक्रिया विद्यालय परिसर में निर्धारित समय पर आयोजित होगी, जिसमें अभिभावकों की उपस्थिति भी रहेगी। चयनित विद्यार्थियों की सूची लॉटरी के तुरंत बाद विद्यालय के सूचना पटल पर प्रदर्शित की जाएगी। प्राचार्य श्री मिश्रा ने अभिभावकों से अपील की है कि वे समय पर उपस्थित होकर प्रक्रिया को सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने में सहयोग करें तथा विद्यालय द्वारा जारी सभी दिशा-निर्देशों का पालन करें।

# शादी सीजन में जानलेवा सफर : मालवाहक वाहनों में बारातियों की ओवरलोडिंग जारी



## चेतावनी के बाद भी मालवाहक वाहनों में भरकर जा रही बारातें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गरियाबंद

जिले में शादी-ब्याह के सीजन के बीच सस्ते सफर की चाह लोगों की जान पर भारी पड़ती नजर आ रही है। पुलिस की हालिया कार्रवाई और चेतावनी के बावजूद मालवाहक वाहनों में यात्रियों को ढोने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। दरअसल, कम किराए और एक साथ ज्यादा लोगों को ले जाने की सुविधा के चलते ट्रक, पिकअप और अन्य मालवाहक गाड़ियां बारात और सामूहिक सफर का आसान विकल्प बनती जा रही हैं। लेकिन यही लापरवाही बड़े हादसों



को न्योता दे रही है।

जिले में इन दिनों शादी-ब्याह का सीजन चरम पर है। 16 अप्रैल से शुरू हुए शुभ मुहूर्त के बाद गांव-गांव और शहर में शहनाइयों की गूंज सुनाई दे रही है। इस बीच हरिभूमि टीम ने एक ही दिन में कई ऐसे ओवरलोड वाहनों को कैमरे में कैद किया, जिनमें दर्जनों लोग ठसाठस भरे हुए सफर करते नजर आए। प्रबुद्धजनों का कहना है कि यह लापरवाही कभी भी बड़े हादसे में बदल सकती है। इसके बावजूद प्रशासन की ओर से सख्ती नहीं दिखना कई सवाल खड़े करता है। शादी की खुशियां अपनी जगह हैं, लेकिन सुरक्षा उससे कहीं ज्यादा जरूरी है।

ऐसे में जरूरत है कि लोग जागरूक हों और सुरक्षित साधनों का उपयोग करें, साथ ही प्रशासन भी इस पर सख्ती से कार्रवाई करें, ताकि खुशियों का यह मौसम किसी दर्दनाक हादसे में न बदल जाए।

## समस्या : नहाने और कपड़े धोने के लिए रोज 2 किमी दूर कुकड़ा बांध का सफर

# पोंड गांव में गहराया जल संकट प्यास बुझाने कुएं पर लगी कतारें







हरिभूमि न्यूज ▶▶ गरियाबंद

बीहड़ इलाकों में पानी संकट आम बात है लेकिन अब मैदानी क्षेत्र भी इससे अछूते नहीं रहे। छुरा विकासखंड का पोंड गांव इसकी जीती-जागती मिसाल बन चुका है जहां नेशनल हाईवे के किनारे बसे होने के बावजूद लोग शुद्ध पेयजल के लिए रोज संघर्ष कर रहे हैं। करीब 5000 की आबादी वाले इस गांव में लगभग आधी आबादी आदिवासी समुदाय से है जो आज भी बुनियादी सुविधा पानी के लिए जूझ रही है।

छुरा विकासखंड का पोंड गांव आज भी बुनियादी सुविधा पेयजल के लिए जूझ रहा है। नेशनल हाईवे के किनारे बसे इस गांव में हालात इतने बदतर हैं कि लोग बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं। करीब 5000 की आबादी वाले इस गांव में हर दिन की शुरुआत पानी के संघर्ष से होती है।

तस्वीर में दिख रहा दृश्य इस संकट की हकीकत बया कर रहा है। सुबह के समय गांव की महिलाएं और किशोरियां हाथ में बाल्टी डिब्बे और बर्तन लेकर एक कुएं के पास जुटी हुई हैं। कोई रस्सी से बाल्टी खींच रही है तो कोई अपनी बारी का इंतजार कर रही है। यह नजारा बताता है कि पानी यहां सिर्फ जरूरत नहीं बल्कि रोज की जंग बन चुका है।

**निजी कुएं पर पूरा मोहल्ला निर्भर-** गांव के बेलदार पारा में एक निजी कुआं ही लोगों का मुख्य सहारा है। दूर-दूर से महिलाएं यहां पानी भरने पहुंचती हैं। घंटों लाइन में खड़े रहने के बाद भी पर्याप्त पानी मिल जाए इसकी कोई गारंटी नहीं होती।

सुबह से ही पानी के लिए जुट जाते हैं, फिर भी कभी-कभी खाली हाथ लौटना पड़ता है।

कुएं का पानी ही पीने के लिए इस्तेमाल किया जा रहा है जबकि इसकी शुद्धता पर सवाल हैं। साफ-सफाई और फिल्ट्रेशन की कोई व्यवस्था नहीं होने से जलजनित बीमारियों का खतरा बढ़ रहा है।

### 2 किमी दूर से लाना पड़ता है निस्तारी का पानी

पीने के अलावा अन्य उपयोगनहाने कपड़े धोने के लिए ग्रामीणों को 2 किलोमीटर दूर कुकड़ा बांध जाना पड़ता है। यानी एक दिन में कई बार लंबी दूरी तय करना यहां के लोगों की मजबूरी है। गांव में बनी पानी की टंकी आज भी खाली खड़ी है। पीएचई विभाग द्वारा किए गए कई बोरवेल भी जलस्तर गिरने के कारण फेल हो चुके हैं। नल-जल योजना यहां कागजों में सिमट कर रह गई है। ग्राम पंचायत की सरपंच कौशल्या कंवर ने बताया कि पानी की समस्या यहां वर्षों से बनी हुई है। कई प्रयास किए गए, लेकिन जलस्तर नीचे होने से कोई स्थायी समाधान नहीं निकल पा रहा है। उन्होंने नदी से इंटक वेल बनाने की मांग को ही एकमात्र विकल्प बताया, लेकिन अब तक इस पर ठोस पहल नहीं हुई। तस्वीर में दिखती महिलाओं की कतारें सिर्फ पानी भरने की नहीं बल्कि व्यवस्था की नाकामी की भी तस्वीर है। पोंड गांव में पानी अब सुविधा नहीं संघर्ष बन चुका है। अगर जल्द ठोस कदम नहीं उठाए गए तो यह संकट और गंभीर रूप ले सकता है।

# रेत का अवैध परिवहन कर रहे 8 हाईवा जब्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नवापारा-राजिम

महानदी क्षेत्र से हो रही रेत के अवैध परिवहन पर नवापारा तहसीलदार विक्रांत सिंह राठौर के नेतृत्व में राजस्व विभाग की टीम ने बड़ी कार्रवाई की और रेत से भरे हाईवा वाहनों को पकड़कर थाने में खड़ा करवाया। तहसीलदार ने कार्यवाही के दौरान धमतरी जिले में चल रहे घाट से दुलना होते हुए निकल रहे वाहनों पर कार्यवाही की और नदी में बने रास्ते को भी काटा। सुशासन त्योहार के दौरान हुए इस बड़ी कार्रवाई से सभी हैरान थे, राजस्व विभाग की टीम ने दुलना सहित मुख्य मार्ग में घेराबंदी कर अवैध परिवहन कर रहे रेत गाड़ियों को पकड़ा। इस कार्रवाई से बेखौफ होकर रेत का अवैध परिवहन कर रहे रेत माफियाओं में हड़कंप मच गया। ज्ञात हो कि लगातार हो रही रेत के अवैध परिवहन से एक और जहां महानदी का स्वरूप बिगड़ रहा है, वहीं दूसरी ओर सरकार को राजस्व में भी भारी नुकसान हो रहा है। वहीं देर शाम खनिज विभाग की टीम नवापारा थाने पहुंची और जप्ती की



कार्यवाही की और 1957 की धारा 21 (1) (5) एवं गौण खनिज नियम 2015 के नियम 71(1) (2) (5) का लावा प्रत्तीसगढ़ खनिज (नन, परिवहन तथा भण्डारण) कार्यवाही की। दी गई जानकारी के मुताबिक वाहन क्र सीजी 08 ए-वाय 5945, सीजी 07 सी-एल 5908, सीजी 07 सी-एम 7146, सीजी 04 पी-डब्लू 2323, सीजी 07 सी-क्यू 2557, सीजी 04 क्यू-ए 7233, सीजी 07 सी-एल 7574, सीजी 04 पी-डी 4150 पर कार्रवाई हुई जिसे थाने में खड़ा कराया गया हैं। उक्त कार्यवाही में खनिज विभाग के सुनीलदत्त शर्मा, डीके साहू, रिजवान खान, लीलेश्वर मानिकपुरी की टीम शामिल रहा। विक्रांत सिंह राठौर तहसीलदार नवापारा ने कहा की रेत के अवैध परिवहन करने वाले वाहनों पर उच्चाधिकारियों के निर्देश पर आगे भी कार्यवाही जारी रहेगी।

# खेत गए ग्रामीण पर तेंदुए का जानलेवा हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुड़ागांव (कोरासी)

पाण्डुका वन परिक्षेत्र के तिलाईदादर बीट से एक चिंताजनक घटना सामने आई है। मंगलवार सुबह जंगल से लगे खेत में धान रखने गए एक ग्रामीण पर अचानक तेंदुए ने हमला कर दिया। इस हमले में ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हो गया, हालांकि उसने साहस और सूझबूझ से अपनी जान बचा ली।



प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम गिधनी निवासी तुलसी राम ठाकुर सुबह अपने खेत की ओर गए थे। खेत के पास घना जंगल और पहाड़ी इलाका होने के कारण वहां जंगली जानवरों की आवाजाही बनी रहती है। इसी दौरान झाड़ियों से निकलकर एक तेंदुए ने उन पर अचानक हमला कर दिया। हमले में तुलसी राम ठाकुर के सिर और हाथ में गंभीर चोटें आईं। घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर ▶▶ शेष पेज 11 पर

# आधे घंटे की झमाझम बारिश से मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नवापारा-राजिम

मंगलवार की शाम अचानक मौसम ने ऐसा करवट बदली कि लोग हैरान रह गए। शाम करीब सवा पाँच बजे तक तेज धूप और गर्म हवाओं का असर बना हुआ था, लेकिन देखते ही देखते आसमान में बादल घिर आए और कुछ ही मिनटों में तेज बारिश शुरू हो गई। अचानक आई इस बारिश ने पूरे इलाके का माहौल



बदल दिया। करीब आधे घंटे तक लगातार हुई बारिश से गर्मी से परेशान लोगों को बड़ी राहत मिली। सड़कों पर चलते राहगीर, बाजारों में खरीदारी कर रहे लोग और दफ्तरों से लौट रहे कर्मचारी अचानक हुई इस बरसात से बचने के लिए जहां-तहां रुक गए। दुकानों की शरण लेते लोग, छज्जों के नीचे खड़े राहगीर और सड़कों पर थम गई रफ्तार। हर जगह बारिश ▶▶ शेष पेज 11 पर

## पढ़ाई से लेकर पक्के मकान तक की उठाई जिम्मेदारी

# रोहित साहू ने बालक पंचराम को लिया गोद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छुईहा बेलर

शिक्षा का दान सबसे बड़ा दान है इस कहावत को राजिम विधायक रोहित साहू ने धरातल पर सच कर दिखाया है। राजनीति के साथ-साथ सामाजिक सरोकारों के प्रति अपनी संवेदनशीलता का परिचय देते हुए विधायक ने ग्राम छुईहा के एक निर्धन अनाथ बालक का हाथ थामा है, जिसका भविष्य अब विधायक की देखरेख में संवरेगा। घटना 2 मई की है, जब विधायक रोहित साहू ग्राम छुईहा में भूमि पूजन कार्यक्रम के बाद सरपंच के निवास पर जलपान के लिए पहुंचे थे। इसी दौरान उनकी नजर वहां मौजूद एक बालक पर पड़ी। विधायक ने उसे पास बुलाकर आत्मीयता से नाम पूछा, तो बालक ने अपना नाम पंचराम तारक बताया। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि



पंचराम के सिर से माता-पिता का साया उठ चुका है और वह अपने बुजुर्ग दादा-दादी के साथ एक टूटी-फूटी झोपड़ी में रहने को मजबूर है। आर्थिक तंगी के कारण उसकी स्कूली शिक्षा भी अनियमित हो गई है। यह सुनकर विधायक भावुक हो उठे और उन्होंने पंचराम को अपने पास बिठाकर न सिर्फ साथ में नाश्ता किया, बल्कि उसके जीवन की नई राह भी तय कर दी।

**कॉलेज तक की पूरी पढ़ाई का उठाएंगे खर्च-** विधायक रोहित साहू ने मौके पर ही घोषणा की कि वे पंचराम तारक को गोद लेते हैं। उन्होंने संकल्प लिया कि

पंचराम की स्कूल से लेकर कॉलेज तक की पूरी पढ़ाई का खर्च वे स्वयं वहन करेंगे। बालक को कॉपी-किताब, यूनिफॉर्म, जूते-मोजे, स्वेटर और स्कूल बैग जैसी तमाम आवश्यक वस्तुएं विधायक निधि या व्यक्तिगत खर्च से उपलब्ध कराई जाएंगी।

**बरसात से पहले मिलेगा पक्का आवास-** विधायक की इस पहल से प्रेरित होकर अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी मदद के हाथ बढ़ाए। जनपद पंचायत फिंगेश्वर अध्यक्ष इंद्राणी नेहरू साहू, जिला पंचायत सभापति शिवांगी चतुर्वेदी, उपाध्यक्ष सतीष यादव और भाजपा महामंत्री चन्द्रशेखर साहू ने सरपंच विद्या गजेश्वर सिन्हा के साथ मिलकर संकल्प लिया कि बारिश शुरू होने से पहले पंचराम के लिए अपने निजी खर्च पर ▶▶ शेष पेज 11 पर

# तपती धूप में घर-घर पहुंच रहे प्रगणक जनगणना में आ रही कई समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मैनपुर

भीषण गर्मी और तपती धूप के बावजूद प्रगणक इन दिनों घर-घर जाकर नागरिकों की जानकारी एकत्रित कर रहे हैं और जनगणना सर्वे का कार्य संपादित कर रहे हैं पूरी जानकारी को मोबाईल के माध्यम से अपलोड किया। प्रगणकों ने बताया कि एक परिवार की जानकारी लेने में अधिकतम 5 से 10 मिनट का समय लगता है इसमें परिवार के सदस्यों की संख्या, शिक्षा, रोजगार, वाहन, टीवी, संचार के साधन और अन्य जरूरी जानकारियां शामिल की जाती है मैनपुर विकासखंड के दूरस्थ वनांचलो के गांव गांव जनगणना 2026 की जानकारी भरने पहुंचे प्रगणकों ने बताया कि



उन्हें कई तरह की व्यवहारिक समस्याओं का सामना भी करना पड रहा है। दोपहर के समय जब प्रगणक जानकारी लेने घर पहुंचते हैं तो कई लोग दरवाजा नहीं खोलते हैं, अभी सोये हुए हैं, काम में गए हुए हैं, जैसे कारण बताकर समय नहीं दे पाते कई घरों में लोगों द्वारा प्रगणकों को शाम को आने के लिए कहा जाता है, जिससे एक ही परिवार के घर कई बार जाना पड रहा है। इसके बावजूद प्रगणक धैर्य के साथ जनगणना 2026 का कार्य कर रहे हैं। टीकम पटेल, पवन ठाकुर, भैयालाल पटेल ने बताया कि जनगणना जैसे महत्वपूर्ण कार्य में आम जनता का सहयोग अत्यंत आवश्यक है, जिससे भविष्य की नीतियों और योजनाओं का साही निर्धारण किया जा सके।

## खबर संक्षेप

### चंदन बने जिला सतनामी समाज युवा प्रकोष्ठ के महासचिव



**फिंगेश्वर।** सतनामी समाज युवा प्रकोष्ठ जिला गरियाबंद का महासचिव चंदन खरे को बनाया गया है। माना जा रहा है कि चंदन के नेतृत्व में जिले में सामाजिक जागरुकता, शिक्षा और युवाओं की भागीदारी को नई दिशा मिलेगी।प्रदेश स्तर के नेतृत्व जिनमें अध्यक्ष,उपाध्यक्ष और मीडिया प्रभारी शामिल हैं ने विश्वास जताया है कि यह नियुक्ति संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत बनाएगी। समाज के हितों की रक्षा, सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण और युवाओं को संगठित करने की दिशा में यह कदम महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

### जयश्री ने 10 वीं बोर्ड परीक्षा में 95.3 प्रतिशत अंक किए हासिल



फिंगेश्वर। ग्राम सिर्रीकला निवासी जयश्री साहू ने कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा में 95.3 प्रतिशत अंक प्राप्त कर करते हुए ग्राम,अंचल व परिवारजनों को गौरान्वित किया है। जयश्री प्रयास आवासीय विद्यालय बिलासपुर की छात्रा हैं। वे शुरू से पढ़ाई में अव्वल दर्जे से उत्तीर्ण होते हुए मेधावी छात्र रहीं हैं। उनके पिता पेंटर दीपक राज समाज सेवी व स्कैच कलाकार तथा माता हेमा साहू गृहिणी हैं।

### सकारात्मक बदलाव के लिए पश्चिम बंगाल की जनता ने किया मतदान

**महासमुंद।** देश के तीन राज्यों में भाजपा की ऐतिहासिक जीत भाजपा जिलाध्यक्ष येतराम साहू ने कहा कि यह जीत भाजपा के प्रति जनता के विश्वास की जीत है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश चहुंओर विकास की नई इबारत लिख रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सकारात्मक बदलाव के लिए पश्चिम बंगाल की जनता ने मतदान किया है। साहू ने कहा कि जनता ने सच्चे अर्थों में लोकतंत्र की स्थापना वहां की है। विकास, प्रगति, स्थिरता और शांति के लिए अपना वोट डाला।

### बैज का बयान उनकी हताशा और जनादेश का अपमानः रूपकुमारी

**महासमुंद।** भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश उपाध्यक्ष एवं सांसद रूपकुमारी चौधरी ने असम और पश्चिम बंगाल के चुनावी नतीजों के बाद कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के बयान और टिप्पणी पर कहा है कि यह न केवल हास्यास्पद है, बल्कि जनादेश का अपमान भी है। चौधरी ने कहा कि जब-जब कांग्रेस चुनाव हारती है, वह अपनी कमियों को सुधारने के बजाय संवैधानिक संस्थाओं पर ठीकरा फोड़ना शुरू कर देती है। ईवीएम से लेकर चुनाव आयोग और केंद्रीय सुरक्षा बलों तक को कठघरे में खड़ा करना कांग्रेस की पुरानी फितरत रही है। चौधरी ने कहा कि बैज का यह कहना कि चुनाव भाजपा ने नहीं, बल्कि केंद्रीय एजेंसियों ने लड़ा है, हमारे देश के लोकतंत्र और चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर हमला है।

### 6 को परसुली में होगा समाधान शिविर का आयोजन

महासमुंद। जिले में सुशासन तिहार 2026 अंतर्गत 01 मई से 05 जून 2026 तक जिले में कुल 41 समाधान शिविर आयोजित किए जाएंगे। इनमें महासमुंद विकासखंड में 10, बागबाहरा में 7, पिथौरा में 9, बसना में 7, सरायपाली में 7 तथा तुमगांव नगरीय निकाय में एक क्लस्टर शामिल है। समाधान शिविर का आयोजन 06 मई 2026 को तीन क्लस्टर में आयोजित किया जाएगा। जिसमें बागबाहरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत परसुली के हाईस्कूल में शिविर आयोजित होगा, इनमें 19 ग्रामों के ग्रामीणजन शामिल होंगे। इसी तरह पिथौरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत रेमडा के हाई स्कूल परिसर में आयोजित शिविर में 13 ग्राम के ग्रामीणजन तथा सरायपाली विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत बानीगिरोला के हायर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित शिविर में 20 ग्रामों के ग्रामीणजनों से मांग एवं शिकायत आवेदनों का निराकरण किया जाएगा।

## मौसम : कई स्थानों पर ट्रांसफॉर्मर खंभे समेत उखड़कर गिरे, 11 केवी बिजली तार क्षतिग्रस्त

# मैनपुर-देवभोग के 200 गांवों में ब्लैकआउट


हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखंड मैनपुर एवं देवभोग क्षेत्र में मंगलवार को दोपहर के बाद अचानक मौसम ने अपना मिजाज बदला देखते ही देखते कई गांव में जमकर आंधी तूफान के साथ बारिश हुई है आंधी तूफान और बारिश के कारण कई गांव में बिजली के खंबे टूट कर गिर गए हैं और तो और 132 केवी मुख्य लाइन में फाल्ट आने के कारण सैकड़ो गांव अंधेरे में डूबा हुआ है और लाखों ग्रामीण परेशान हो रहे हैं, जहां एक और 132 के वी इंदागांव लाइन में फॉल्ट आई है वहीं दूसरी और गरियाबंद सडौली से मैनपुर आने वाली लाइन में भी फाल्ट आ गया है बिजली बंद हो जाने से ग्रामीण बेहद परेशान हो गए हैं तो वहीं दूसरी ओर बिजली विभाग के अधिकारी और कर्मचारी फाल्ट ढूंढने के साथ ही सुधार कार्य में लगे हुए हैं लेकिन घंटो बाद भी समाचार लिखे जाने तक बिजली व्यवस्था में सुधार नहीं हो पाई है, आज दोपहर तक जहां तेज धूप ने लोगों को परेशान कर रखा था, मौसम ने अचानक करवट ली और देखते ही देखते महज एक घंटे की तेज आंधी और बारिश ने पूरे क्षेत्र में अस्त व्यस्त कर दिया। शाम करीब 4 बजे आसमान में घने बादल छाए और 5 बजते ही तेज हवा के साथ मूसलाधार बारिश शुरू हो गई, जिसने जनजीवन को पूरी तरह अस्त-व्यस्त कर दिया।

इस प्राकृतिक कहर का सबसे बड़ा असर बिजली व्यवस्था पर पड़ा तेज तूफान के कारण 33 केवी लाइन टूट गई, वहीं 10 से ज्यादा गांवों में 11 केवी बिजली तार क्षतिग्रस्त हो गए। कई स्थानों पर ट्रांसफॉर्मर खंभे समेत उखड़कर गिर गए, जिससे लगभग 200 गांवों में ब्लैकआउट की स्थिति बन गई और पूरा इलाका अंधेरे में डूब गया।देवभोग फलसापारा पंचायत के स्कूल पारा में हालात बेहद खतरनाक हो गए, जब 11 केवी बिजली लाइन अचानक टूटकर एक घर और सड़क पर गिर गई। गनीमत रही कि उस समय कोई बड़ी जनहानि नहीं हुई, लेकिन लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ है।

### आंधी से फसलें तबाह





### टहनी गिरने से बिजली लाइन क्षतिग्रस्त

नवागांव के पहरीचौक, नवागुड़ा दबनई, और चिचिया खरकार पारा के पास भी बिजली तार टूटकर गिर गए, जिससे आवागमन और ग्रामीणों की सुरक्षा दोनों प्रभावित हुई। नवागांव के पहरीचौक, नवागुड़ा दबनई, और चिचिया खरकार पारा के पास भी बिजली तार टूटकर गिर गए, जिससे आवागमन और ग्रामीणों की सुरक्षा दोनों प्रभावित हुई। मटिया के पास खेत में पेड़ गिरने से 11 केवी के तीन तार एक साथ टूट गए, जबकि ध्रुवागुड़ी के आगे खेत में पेड़ की टहनी गिरने से बिजली लाइन क्षतिग्रस्त हो गई। तेज हवाओं के चलते कई जगहों पर बड़े-बड़े पेड़ उखड़ गए और बिजली के खंभे गिर पड़े, जिससे बिजली विभाग को भारी नुकसान हुआ है। ग्रामीणों ने बताया कि अचानक आई इस आंधी ने उन्हें संभलने का मौका तक नहीं दिया और देखते ही देखते कई बिजली के खंभे टूटकर गिर गए और तार टूट गए।

**राहत और परेशानी साथ-साथ-** जहां एक ओर बारिश से भीषण गर्मी से राहत मिली, वहीं दूसरी ओर बिजली व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। अंधेरे में डूबे गांवों में पेयजल, मोबाइल नेटवर्क और अन्य आवश्यक सेवाएं भी प्रभावित हो रही हैं।घटना के बाद बिजली विभाग की टीमें मौके पर पहुंचकर मरम्मत कार्य में जुट गई हैं। हालांकि व्यापक नुकसान के चलते बिजली बहाल होने में समय लग सकता है।ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द से जल्द बिजली आपूर्ति बहाल करने और क्षतिग्रस्त लाइनों व खंभों की मरम्मत कराने की मांग की है, ताकि सामान्य जनजीवन फिर से पटरी पर लौट सके।कुल मिलाकर, यह एक घंटे की आंधी-बारिश मैनपुर -देवभोग क्षेत्र के लिए राहत कम और मुसीबत ज्यादा बनकर सामने आई, जिसने सैकड़ों गांवों को अंधेरे में धकेल दिया और लोगों को डर व असुविधा के बीच जीने को मजबूर कर दिया।

**वनोंपज को भारी नुकसान-** आज एक बार फिर अचानक आंधी तूफान और बारिश के चलते वनोंपज एवं मक्का और धान की फसल को भारी नुकसान पहुंची है और ग्रामीण बेहद परेशान है इन दोनों तेंदूपत्ता की तोड़ाई कार्य युद्ध गति पर चल रहा है, तेंदूपत्ता को भारी नुकसान पहुंचा है वहीं दूसरी ओर मक्का और धान की फसल के साथ दलहन तिलहन और सब्जी की फसल नुकसान पहुंचा है।

**जल्द सुधार किया जाएगा-** बिजली विभाग मैनपुर के अधिकारी संजीव बंजारे ने बताया बिजली के मुख्य लाइन में फाल्ट आने के कारण बिजली बंद हो गई है विभाग के अधिकारी कर्मचारी बिजली व्यवस्था को जल्द सुचारु करने के लिए लग गए हैं जल्द बिजली व्यवस्था ठीक हो जाएगी।

## गौण खनिज मद आवंटन पर छिड़ा विवाद प्रमुख सचिव से शिकायत, जांच की मांग



हरिभूमि न्यूज ⏭ अभनपुर

वरिष्ठ वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं पूर्व विधायक धनेंद्र साहू के नेतृत्व में जनपद पंचायत अभनपुर के जनपद सदस्यों ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के प्रमुख सचिव श्रीमती निहारिका बारीक से मुलाकात कर गौण खनिज मद के आबंटन में अनियमितता एवं योजनाओं की क्रियान्वयन को लेकर लिखित ज्ञापन सौंप सामान्य सभा में पारित गौण खनिज की राशि के आबंटन की निष्पक्ष जांच की मांग किया गया । सदस्याओं ने आरोप लगाया है कि राशि आवंटन की प्रक्रिया शासन के निर्धारित नियमों के विपरीत की गई है तथा खनन प्रभावित ग्रामों की अनदेखी की गई है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि 19 अप्रैल को आयोजित सामान्य सभा की बैठक में वित्तीय व 2021-22 की गौण खनिज मद से प्राप्त राशि के आबंटन का प्रस्ताव रखा गया था, बैठक के प्रारंभ में ही एक पूर्व तैयार सूची प्रस्तुत कर बिना पर्याप्त चर्चा और सदस्यों के राय लिए प्रस्ताव पारित कर दिया गया इससे कई जनपद सदस्यों को अपनी बात रखने और सुझाव देने का अवसर नहीं मिल पाया। सदस्यों ने आरोप लगाया है कि शासन के नियमों अनुसार खनन प्रभावित एवं आंशिक प्रभावित ग्राम पंचायतों को प्राथमिकता के आधार पर राशि आबंटित किया जाना चाहिए था लेकिन प्रस्तावित सूची में कई गैर प्रभावित ग्रामों को अधिक राशि दी गई वही खनन प्रभावित क्षेत्रों के कुछ पात्र ग्रामों की उपेक्षा की गई या अपेक्षाकृत कम राशि आवंटित की गई। पूरी प्रकिया में पारदर्शिता का आभाव रहा और सदस्यों के अधिकारों की अनदेखी की गई इस तरह की कार्यवाही लोकतांत्रिक मूल्यों एवं पंचायत व्यवस्था की पारदर्शिता के खिलाफ है। जनपद पंचायत अभनपुर के सदस्य रानू बंजारे,रामेश्वर निषाद,मेनका पटेल, धनेश्वरी डांडे, संजीव गिरी गोस्वामी, तनु साहू,सविता साहू, चित्ररेखा तारक, कुन्ती साहू, सारिका साहू, गोवर्धन साहू आदि लोगों ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास सचिव व कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा कर नियमानुसार कार्यवाही की मांग की गई है।

## नवाचार की मिसाल बने भेंडरी के शिक्षक, राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित





हरिभूमि न्यूज ⏭ कोपरा

साविेत्री बाई फुले राष्ट्रीय महिला शिक्षक महासंघ द्वारा रायपुर के वृंदावन हॉल में गरियाबंद जिले के विकासखंड फिंगेशर के शासकीय प्राथमिक शाला भेंडरी लोहरसी के 2 नवाचारी शिक्षक लालजी सिन्हा एवं टीकूराम ध्रुव को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में महासंघ की संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ लता एस मुल्लूर अपने कार्यकारिणी के साथ उपस्थिति रहीं। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद लक्ष्मी वर्मा, अति विशिष्ट अतिथि के रूप में स्वाति वर्मा सभापति संचार एवं संपर्क जिला पंचायत रायपुर, डॉक्टर लता एस मुल्लूर संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष, डॉ सारिका एस गंगा राष्ट्रीय महासचिव कल्पना बुतरेड्डी, अनुसूया देवी पी एस भाग्यमां, सिधोज कविता राजश्री, प्रभावती एल शांताबाई बिरादर अतिथि वक्ता के रूप में नर्मदा प्रसाद मिश्र, डॉक्टर मनीष वत्स, विष्णु दत्त बघेल एवं डीएसपी रुचि वर्मा रही। कार्यक्रम का संयोजन लोकेश कुमार वर्मा द्वारा किया गया। संगठन की प्रदेश प्रवक्ता शीतल बैस भी रही। कार्यक्रम में राज्य इकाई का भी गठन कर शपथ ग्रहण समारोह किया गया। इस समारोह में गरियाबंद जिले के विकासखंड फिंगेशर के शासकीय प्राथमिक शाला भेंडरी लोहरसी के 2 शिक्षकों का सम्मान नवाचारी शिक्षक लालजी सिन्हा एवं टीकूराम ध्रुव को सम्मानित किया गया।नवाचार के नाम शिकायत से समाधान, जिससे बच्चों के संज्ञात्मक, व्यावहारिक, संस्कारिक, जीवन के मूल्यों का विकास पर उनके द्वारा कार्य किया गया है। कार्यक्रम का संचालन नवाचारी शिक्षकमहेंद्र कुमार पंत द्वारा किया गया। शिक्षकों की उपलब्धि पर सरपंच तुलेश्वरी लीला राम साहू ,उप सरपंच ऐलुराम साहू ,पूर्व सरपंच मोहनलाल साहू,सोमनाथ साहू ,चंदन साहू ,पोषण साहू, नोमेश कुमार साहू ,पूरनलाल साहू, रूपेश्वर साहू शिक्षक गण भागचंद चतुर्वेदी, रेखराम निषाद ,प्रदीप कुमार साहू , शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष मुकेश कुमार साहू, भूषण लाल साहू ,उपाध्यक्ष उर्मिला साहू ,चित्ररेखा यादव ,लक्ष्मी यादव,गीता साहू ने दोनों शिक्षकों के बेहतरीन कार्य की प्रशंसा करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं दी।

■ सावित्री बाई फुले राष्ट्रीय महिला शिक्षक महासंघ ने किया सम्मान

## 'नागरिकों की समस्याओं का हो त्वरित समाधान'

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने पालिका कार्यालय में आम जनों की समस्याएं सुनी। उन्होंने सभी समस्याओं के त्वरित निराकरण करने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। साहू ने पालिका दफ्तर पहुंचे नागरिकों की सभी समस्याएं गंभीरता से सुनकर अधिकारियों से कहा कि लोगों की जो भी समस्याएं है उसे सूचीबद्ध कर शीघ्र निराकरण करें। उन्होंने कहा कि नगरवासियों की समस्याओं का समाधान करना पालिका का प्रथम दायित्व है। मांगों, शिकायतों व समस्याओं से संबंधित आवेदनों का निराकरण शीघ्र हो इसका विशेष ध्यान रखा जाए। अध्यक्ष के समक्ष नागरिकों ने शिकायत की कि कुछ लोगों द्वारा टुल्लू पंप लगाकर नल से पानी खींचा जाता है। जिससे उनके घरों तक पानी नहीं पहुंच रहा। जिस पर अध्यक्ष साहू ने बताया कि टुल्लू पंप जब्ती की कार्रवाई लगातार जारी है। बार-बार अपील और समझाईश के बाद भी लोग बाज नहीं आ रहे हैं, अब सख्त कार्रवाई की जाएगी।

इसके अलावा राशन कार्ड, पेंशन, आवास, पट्टा, सड़क मरम्मत, नाली निर्माण की मांग संबंधित आवेदन लेकर नागरिक बड़ी संख्या में पहुंचे थे। इस अवसर पर विभागीय अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

## कृषि ऋण की नई अनुपात 70:30 से किसानों पर बढ़ेगा आर्थिक भार : विनोद

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

पूर्व संसदीय सचिव छग शासन व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने भाजपा सरकार द्वारा कृषि ऋण वितरण नीति में किए गए बदलाव को किसानों के लिए नुकसान दायक बताते हुए कहा कि प्रदेश में कृषि ऋण के नगद-खाद अनुपात में बदलाव से किसानों की चिंता बढ़ गई है। सरकार ने सहकारी समितियों से मिलने वाली खाद की लिमिट 40 से घटाकर 30 प्रतिशत कर दी है। अब नई नीति के तहत 70 प्रतिशत नगद और 30 प्रतिशत खाद का अनुपात होगा। पहले यह 60 प्रतिशत नगद 40 प्रतिशत खाद था। 10 प्रतिशत कटौती से किसानों पर आर्थिक भार बढ़ना तय है।



चंद्राकर ने कहा कि पहले व्यवस्था में जरूरत की खाद मिल जाती थी। अब लिमिट घटने से किसानों को निजी दुकानदारों की मनमानी और बिचौलियों से ज्यादा कीमत पर खाद खरीदने की मजबूरी होगी। इससे खेती की लागत में अनावश्यक वृद्धि होगी। ऊपर से पास मशीन की अनिवार्यता के कारण खाद-बीज का वितरण अब तक प्रारंभ नहीं किया गया है। प्रतिवर्ष खरीफ की तैयारी के लिए किसानों को 1 अप्रैल से खाद-बीज वितरण शुरू हो जाता था, लेकिन, इस बार शासन ने सख्त आदेश दिए हैं कि पॉस मशीन के माध्यम से खाद-बीज का वितरण किया जाना है। जबकि, समितियों को अभी तक नई मशीन भी उपलब्ध नहीं कराई गई है। शासन के इस आदेश की जानकारी अनेक समितियों में पंजीकृत किसानों को नहीं होने के कारण तेज धूप व गर्मी में वे सोसायटियों के चक्कर लगाने विवश हो रहे हैं।प

## आदिवासी ध्रुव गोंड़ समाज का भव्य जिला सम्मेलन

# शिक्षा और संगठन ही विकास का आधारः बृजमोहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अभनपुर

हाई स्कूल कोलर (सारखी) परिसर में आदिवासी ध्रुव गोंड़ समाज रायपुर जिला का दो दिवसीय वार्षिक सम्मेलन संपन्न हुआ। सम्मेलन में जिले के 11 परिक्षेत्रों से हजारों की संख्या में समाजबंधुओं की सहभागिता रही। सम्मेलन में मुख्य अतिथि रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल,विशेष अतिथि विधायक इंद्रकुमार साहू एवं अध्यक्षता जिला अध्यक्ष हेमलाल ध्रुव ने की। इस अवसर पर सांसद बृजमोहन अग्रवाल एवं विधायक श्री साहू ने आदिवासी समाज की संस्कृति, परंपरा एवं सामाजिक एकता को राष्ट्र की अमूल्य धरोहर बताते हुए शिक्षा और संगठन को विकास की कुंजी बताया उन्होंने कहा कि समाज के अधिकार, सम्मान और विकास के लिए एकजुटता ही सबसे बड़ी ताकत है। समापन अवसर पर जिलाध्यक्ष हेमलाल ध्रुव ने सभी अतिथियों, समाजबंधुओं एवं आयोजन समिति का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मेलन समाज में नई चेतना, जागरूकता और एकजुटता का संदेश लेकर आया है।सम्मेलन के दौरान आयोजित विचार गोष्ठी में समाज के इतिहास, परंपराओं, रीति-रिवाजों तथा वर्तमान सामाजिक चुनौतियों पर विस्तृत चर्चा हुई। इस दौरान शिक्षा के प्रसार, युवाओं को रोजगार से जोड़ने तथा समाज में नशामुक्ति अभियान को प्रभावी बनाने के लिए महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किए गए। सम्मेलन में युवा प्रभाग की भूमिका भी विशेष रूप से सराहनीय रही। युवा प्रभाग जिलाध्यक्ष सतीश ध्रुव के नेतृत्व में युवाओं ने आयोजन की विभिन्न व्यवस्थाओं को संभाला।मंच पर जिला महासचिव बुद्धेश्वर ध्रुव, चन्द्रकला ध्रुव सहित विभिन्न ग्रामों के सरपंच, जनपद सदस्य, सामाजिक पदाधिकारी एवं वरिष्ठजन गरिमामयी उपस्थिति में मौजूद रहे।



## बंगाल फतह को विधायक संपत ने बताया राष्ट्रवाद का शंखनाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ बसना

पश्चिम बंगाल और असम विधानसभा चुनावों में भाजपा की ऐतिहासिक विजय पर हर्ष व्यक्त करते हुए विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने कहा कि दिल गर्व से भर गया हैं। विधायक डॉ. अग्रवाल ने इस गौरवशाली सफलता का श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अटूट रणनीति और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के मार्गदर्शन को देते हुए उन्हें बधाई दी है। उन्होंने रेखांकित किया कि यह विजय कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम और जनता के अटूट विश्वास का परिणाम है। इस अवसर पर उन्होंने विशेष रूप से पश्चिम बंगाल की जनता का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वहां के नागरिकों ने राष्ट्रवाद और विकास की राजनीति को चुनकर एक नया इतिहास रचा है। विधायक डॉ संपत अग्रवाल ने वीर रस से ओत-प्रोत अंदाज़ में बंगाल की जनता और शीर्ष नेतृत्व का अभिनंदन किया है।



## खबर संक्षेप



### भीषण गर्मी में खिला लिली ग्लोबल

**गरियाबंद।** तेज गर्मी और तपते मौसम के बीच जहां अधिकतर पौधे मुरझा जाते हैं, वहीं घरों की बागवानी में लिली ग्लोबल (लाल गेंदनुमा लिली) अपनी आकर्षक सुंदरता से अलग पहचान बना रही है। पाण्डुका निवासी प्रीतम सिन्हा के यहां गमले में खिले इसके चमकीले लाल फूल न सिर्फ वातावरण को खुशनुमा बना रहे हैं बल्कि बागवानी प्रेमियों के लिए सुकून का अहसास भी दे रहे हैं। कम देखभाल और सीमित पानी में भी यह पौधा आसानी से खिलता है जिससे यह गर्मी के मौसम में घरों और बगीचों की पहली पसंद बनता जा रहा है।

### पत्रकारिता प्रशिक्षण शिविर में वरिष्ठ पत्रकार सेवक ने दिया व्याख्यान

**बसना।** स्व. जयदव सतपथी महाविद्यालय बसना एमए द्वितीय के छात्र-छात्राओं को पत्रकारिता के विषय पर पत्रकारिता प्रशिक्षण शिविर में वरिष्ठ पत्रकार सेवक दास दीवान ने व्याख्यान दिया। महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को व्याख्यान देते हुए सेवक दास दीवान ने बताया कि पत्रकारिता के अर्थ एवं परिभाषा, उद्देश्य, लोकतंत्र में महत्व, नैतिकता, चुनौतियां, समाचार के माध्यम जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर व्याख्यान दिया। दीवान ने आगे कहा कि पत्रकारिता का अर्थ दैनिक घटनाओं का संकलन, संपादन और प्रस्तुतीकरण आदि। इस अवसर पर महाविद्यालय के व्याख्याता एनके प्रधान, शिवराम निषाद, सुनीता साहू के अलावा एमए द्वितीय के छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

### फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि 10 जून तक

**महासमुंद।** समग्र शिक्षा अंतर्गत जिले में संचालित कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालयों में कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए प्रवेश फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि 10 जून 2026 तक निर्धारित है। जिला मिशन समन्वय समग्र शिक्षा रेखराज शर्मा ने बताया कि सत्र 2026-27 के लिए कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय सुनसुनिया विकासखंड बागबाहरा, कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय लाखागढ़ विकासखंड पिथौरा एवं कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय बंसुला विकासखंड बसना में कक्षा 06वीं में प्रवेश हेतु प्रवेश फार्म का वितरण उक्त आवासीय विद्यालयों में 01 मई 2026 से प्रारंभ हो गया है। उन्होंने बताया कि कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय सुनसुनिया, बागबाहरा एवं कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय लाखागढ़, पिथौरा में कक्षा 06वीं के लिए 32-32 रिक्त सीट, तथा कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय बंसुला, बसना में कक्षा 06वीं में 30 रिक्त सीट है।

**सुशासन तिहार : पाटसिवनी के जनसमस्या निवारण शिविर में प्रकरणों का किया गया तत्काल निराकरण**

# सरकार की प्राथमिकता हर नागरिक की समस्या का त्वरित समाधान करना : साहू





हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

सुशासन तिहार 2026 के अंतर्गत गांव-गांव, द्वार-द्वार अभियान के तहत आज छुरा विकासखण्ड के ग्राम पाटसिवनी स्थित शासकीय हाई स्कूल परिसर में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में आसपास के 15 गांवों के नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित हुए और विभिन्न विभागों के समक्ष अपनी समस्याएं एवं मांगें प्रस्तुत कीं। जनसमस्या निवारण शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गए थे। स्टॉलों का अवलोकन राजिम विधायक रोहित साहू, जनपद अध्यक्ष मीरा ठाकुर, कलेक्टर बीएस उइके, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रखर चंद्राकर सहित उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने किया। इस दौरान हितग्राहियों को जनप्रतिनिधियों ने सामग्री वितरण भी किया गया। इनमें स्वास्थ्य विभाग द्वारा 6 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 02 हितग्राहियों को पूर्ण आवासों की चाबी सौपी गई। दसवीं बोर्ड में उत्कृष्ट अंक लाने वाले 5 विद्यार्थियों को शील्ड और श्रीफल प्रदान किया गया। समाज कल्याण विभाग द्वारा 2 दिव्यांगों को ट्राइसायकल वितरित किए गया। महिला एवं बाल विकास द्वारा 05 महिलाओं की गोदभराई की गई। मत्स्य विभाग द्वारा 02 स्व-सहायता समूह के महिलाओं को मत्स्य जाल एवं 02 हितग्राहियों को आईस बॉक्स प्रदान किया गया। इसी तरह 08 हितग्राहियों को मनरेगा जॉब कार्ड प्रदान किया गया। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य लेखराम धुर्वा, पन्नालाल साहू, राजेश साहू, जनपद सदस्य, सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, ग्रामीणजन और बड़ी संख्या में हितग्राही उपस्थित रहे।

**राजस्व प्रकरणों को निर्धारित समय-सीमा में निराकरण करें**

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राजिम विधायक रोहित साहू ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की मंशानुरूप जिला प्रशासन के अधिकारी-कर्मचारी ग्रामीणों के एक-एक समस्याओं को सुनने के लिए यहॉ पहुंचे हुए है। ताकि ग्रामीणों को विभिन्न कार्यालयों में जाकर चक्कर न लगाना पड़े। श्री साहू ने कहा कि ग्रामीणों के राजस्व प्रकरणों को निर्धारित समय-सीमा में निराकरण करें। उन्होंने कहा कि सरकार प्रत्येक नागरिकों के लिए चिंता कर रही है। उन्होंने कहा कि ग्रामीणजन शिविर के महत्व को समझकर विभागीय योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। श्री साहू ने कहा प्रत्येक ग्रामों में विकास कार्य कराएं जा रहे है। हमारी सरकार ने जो वायदे किए थे उसे लगातार पूरा कर रहे है। उन्होंने कहा कि शासन की प्राथमिकता हर नागरिक की समस्या का त्वरित समाधान है। इस दौरान विधायक श्री रोहित साहू सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत 02 गाड़ियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रथ 05 मई से 20 मई तक विभिन्न गॉवों में जाकर फसल चक्र परिवर्तन, प्राकृतिक, जैविक खेती, संतुलित उर्वरक उपयोग, पशुपालन, मत्स्य पालन एवं उद्यानिकी फसलो के बारे में जानकारी देंगे। इस दौरान जनपद अध्यक्ष श्रीमती मीरा ठाकुर एवं जिला पंचायत सदस्य लेखराम धुर्वा ने भी संबोधित किया। आज के शिविर में कुल 393 आवेदन प्राप्त हुए थे। जिसमें से 03 शिकायतों से संबंधित थी। शिविर में एसडीएम विशाल महाराणा सहित सभी विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### रसेला हाईस्कूल में वीणा साहू 12 वीं एवं पूर्वी साहू ने कक्षा 10 वीं में किया टाप

**रसेला।** संघर्ष मेहनत सपनों की उड़ान जब एक साथ मिलती हैं, तो इतिहास बनता है। ग्राम कुडेरादादर निवासी सामान्य किसान परिवार में जन्मे वीणा साहू पिता कृष्णा साहू ने कक्षा 12 वीं में 84.20 प्रतिशत अंक लाकर क्षेत्र का मान बढ़ाया। वहीं इस कक्षा में सुरगपानी के सोनम पिता डमरू सिंह मरकाम ने 82.20 प्रतिशत अंक हासिल द्वितीय स्थान प्राप्त किया है।



इस तरह कक्षा 10 वीं में 88 प्रतिशत अंक हासिल कर पूर्वी साहू पिता कुलेश्वर साहू कुडेरादादर ने हाईस्कूल रसेला क्षेत्र का नाम रोशन किया है। वहीं द्वितीय स्थान नुसार कुमार पिता डोमेन्द्र उइके ग्राम चिगरमाल ने 86.67 अंक हासिल किया गया है। क्षेत्र के होनहार एवं प्रतिभावान छात्र ने अपनी मेहनत,लगन और अनुशासन के बल पर शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर शाला एवं परिवार और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। मालूम हो कि कक्षा 12 वीं और 10 वीं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्रा एक ही परिवार के दोनों भाइयों का लड़की है। इस तरह कक्षा ग्यारहवीं में कुल दर्ज संख्या 65 उत्तीर्ण 51 जिसमें प्रथम स्थान दीपिका ने 72 प्रतिशत अंक हासिल किया। द्वितीय स्थान पर विद्याश्री ने 71.6 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। इस कड़ी में कक्षा 9 वीं में कुल दर्ज संख्या 94 जिसमें उत्तीर्ण हुए 51 और इस कक्षा में प्रथम स्थान योगेश्वरी ने 73 प्रतिशत और द्वितीय स्थान नन्या ने 73.50 प्रतिशत अंक हासिल किया। हाईस्कूल एवं हायर सेकंडरी रसेला विद्यालय का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा,जो पिछले वर्ष की तुलना में बेहतर है शाला विकास प्रबंधन समिति के सभी सदस्यगण प्राचार्य सहित सभी शिक्षक शिक्षिकाए और अभिभावकों का मानना है कि यह सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत बनेंगी।

## संकल्प दिव्यांग संस्थान में युवाओं ने मनाया जन्मदिन



हरिभूमि न्यूज ⏭ सुरसाबांधा

नवागांव में संकल्प दिव्यांग संस्थान में दिव्यांगजनो का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर मौजूद युवाओं ने समाज को नया संदेश देते हुए कहा कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य केवल जन्मदिन मनाना नहीं था, बल्कि समाज को यह संदेश देना था कि जीवन की सच्ची खुशी दूसरों के साथ खुशियाँ बाँटने में है। दिव्यांग जन भी हमारे समाज के महत्वपूर्ण हिस्सा हैं, जिन्हें सम्मान, सहयोग और प्रेम की आवश्यकता होती है। उनके साथ कुछ पल बिताकर यह एहसास हुआ कि छोटी-छोटी पहल भी किसी के जीवन में बड़ा बदलाव ला सकती है। आज जन्मदिन के अवसर पर दिव्यांग जनों के साथ समय बिताकर इस दिन को विशेष और यादगार बनाते हुए उनके बीच मिठाई, फल और अन्य आवश्यक वस्तुएं वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान सभी के साथ बातचीत की गई और उनकी खुशियों में शामिल होकर जन्मदिन मनाया गया। उपस्थित लोगो ने कहा कि यह पल हमेशा याद रहेगा तथा इस अनूठी पहल की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायक बताया। जन्मदिन का यह आयोजन केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि सेवा, संवेदना और मानवता का उदाहरण



बन गया। यह दिन सभी के लिए यादगार रहा और यह संदेश दे गया कि यदि हम अपने खास पलों को समाज के जरूरतमंद लोगों के साथ साझा करें, तो वह पल और भी अधिक अर्थपूर्ण बन जाता है। दिव्यांगजनो के जन्मदिवस के अवसर पर उपस्थित लोगो में विशेष रूप से मंडल अध्यक्ष भाजपा रिकेश साहू ,महामंत्री हेमंत वर्मा, भाजयुमो कोषाध्यक्ष डायमंड साहू ,जितेन्द्र पेंदरिया, भाजयुमो नेता आशीष पांडे,देवानंद निषाद,सागर वैष्णव, कमलनारायण वर्मा, ताम्रध्वज साहू,महेश निषाद,भूपेंद्र पटेल,प्रदीप वर्मा,मुकेश साहू,सुधीर वर्मा सहित समाजिक कार्यकर्ता शामिल थे।

### वनांचल ग्राम बलौदा में आयोजित हुई प्रयास अभ्यास परीक्षा

**सरायपाली।** महाभारत कालीन संस्कृति को अपने आंचल में समेटे शिशुपाल पर्वत की तलहटी पर बसे वनांचल ग्राम बलौदा ने शिक्षा के क्षेत्र में सामुदायिक सहभागिता से बच्चों के उज्जवल भविष्य हेतु प्रयास अभ्यास परीक्षा जिसमें 421 बच्चे शामिल रहे। वर्तमान समय प्रतियोगी परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए बलौदा ग्राम के शिक्षकों एवं ग्रामीणों ने 10 मई को आयोजित प्रयास आवासीय विद्यालय के लिए प्रवेश परीक्षा के तैयारी हेतु अभ्यास परीक्षा का निशुल्क आयोजन किया गया इस आयोजन का उद्देश्य जिले के अलावा समीप स्थित जिले सारंगढ़, रायगढ़, रायपुर के बच्चों को प्रतियोगी परीक्षाओं के तैयारी के लिए ओएमआर शीट भरने, समय का सही नियोजन कर पेपर को हल करने तथा प्रतियोगी परीक्षाओं के महत्व को समझ कर आगे भविष्य हेतु कार्य करने के लिए प्रेरित करना था। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि हमारे दूरस्त इस वनांचल ग्राम बलौदा में आयोजित प्रयास अभ्यास परीक्षा में सम्मिलित सभी बच्चों एवं पालकों, शिक्षक, मीडिया से आए लोगों के लिए पुलिस थाना बलौदा द्वारा भोजन की व्यवस्था की गई।

## रासेयो स्वयंसेवकों ने पक्षियों के लिए बांधे सकोरे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम

शहर के वार्ड नं 1 में फूलचंद अग्रवाल स्मृति महाविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना रेडक्रास के तत्वावधान में जल संरक्षण व हमर चिरई, हमर चिन्हारी थीम पर इस भीषण गर्मी में जल संरक्षण एवं पक्षियों का संरक्षण कैसे किया जाय कार्यक्रम में पार्षद रवि साहू, अमिता तिवारी व्याख्याता कन्या हाई स्कूल ,कार्यक्रम संयोजक डॉ. आरके रजक ,डॉ श्यामा साडिल सहित 42 स्वयंसेवकों की विशेष भूमिका रही। अमिता तिवारी ने कहा कि पेड़ पौधों की लगातार कटाई से पक्षियों व वन प्राणियों पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है। हम सभी पर्यावरण की रक्षा करें। पशु-पक्षी व वन्य प्राणी है तो मानव जीवन है। जल संरक्षण के बारे मे जानकारी दिये हमें आगे आकर इनकी रक्षा करनी होगी जल का उपयोग व बचाओ, जल है तो जीवन है । इस नेक कार्य के लिए बस्ती के सविता साहू, लक्ष्मी




**जल संरक्षण की दिलाई शपथ**

साहू,गोपी साहू,रेवा साहू, कौशल्या साहू, रामेश्वरी साहू ने इस जागरूकता के लिए प्रशंसा करते हुए कहा कि जिन्होंने पेड़ो में मिट्टी के बर्तन व मिट्टी के सकोरा बर्तन बांधकर जा रहे हैं ताकि पक्षियों को जल व दाने मिल सके। उनकी सुरक्षा करना अब हम सबकी जवाबदारी है। कार्यक्रम संयोजक डॉ. आर. के. रजक ने कहा कि पेड़ पौधों के साथ-साथ पशु-पक्षियों का पर्यावरण संतुलन में अहम भूमिका है. मानव के हस्तक्षेप में इनकी संख्या कम हो रही है. वहीं कुछ प्रजाति की पक्षियां विलुप्त हो रही हैं, गर्मी का मौसम पक्षियों के लिए बहुत कष्टप्रद होता है। इनको बचाने के लिए हम सभी को प्रयास करना होगा. कम से कम एक सकोरा पानी भरकर व अनाज के दाने छायादार स्थान में रखते हैं, तो बहुत से पक्षियों की जान बच सकती है। हमर चिरई हमर चिन्हारी है इसे बचाना बहुत जरूरी है।

**रासायनिकों का छिड़काव न करने की अपील-** इस दौरान स्वयंसेवकों ने टोली बनाकर विद्यालय से मंदिर, तालाब किनारे ,चबूतरे, पेड़ों तथा घरों में सकोरा बांध, जल व दाने डालकर लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया बस्तीवासियों को घर-घर जाकर जल संरक्षण के बारे में जागरूक किया। सभी सामूहिक रूप से शपथ ली कि अपने गांव, घर आंगन, शहरो में जल के सही उपयोग व पक्षियों को बचाने के लिए स्थानीय पक्षी संरक्षण कार्यक्रम को बढ़ावा देंगे साथ ही मोबइल टावर की अधिकता, खेतों में आग न लगाने तथा कीटनाशक, रासायनिकों का छिड़काव न करने की अपील की इस कार्यक्रम का संचालन साक्षी ठाकुर साहू तथा धन्यवाद कौशल ने किया।

## मछली पकड़ने लगी भीड़...



**मैनपुर।** भीषण गर्मी के चलते इन दिनों तालाबों का जल स्तर तेजी से सूख रहा है और तालाबों में नाम मात्र का पानी बचा हुआ है जो काफी मटमैला हो गया ऐसे तालाबों में ग्रामीण एकसाथ मछली पकड़ रहे हैं। मैनपुरकला फुलझर तालाब में मंगलवार को मछली पकड़ते नजर आए।

## पेज 9 के शेष...

### खेत गए ग्रामीण...

पहुंची और घायल ग्रामीण से मुलाकात कर स्थिति का जायजा लिया। विभाग द्वारा तत्काल सहायता के रूप में 1000 रुपये प्रदान किए गए। साथ ही ग्रामीणों को सख्त हिदायत दी गई है कि वे अकेले जंगल की ओर न जाएं और सतर्कता बरतें। फिलहाल गांव में भय का माहौल है और लोग खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। अब देखना होगा कि वन विभाग इस गंभीर समस्या पर कितनी तत्परता से कार्रवाई करता है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके।

### आधे घंटे की ...

का असर साफ दिखाई दिया। बारिश के दौरान मौसम सुहावना हो गया और ठंडी हवाओं ने लोगों को सुकून का एहसास कराया। हालांकि, यह राहत ज्यादा देर तक टिक नहीं पाई। बारिश रुकने के कुछ ही समय बाद उमस भरी गर्मी ने लोगों को दोबारा परेशान करना शुरू कर दिया। मौसम के इस अचानक परिवर्तन ने लोगों की दिनचर्या पर भी असर डाला। कई स्थानों पर लोग बारिश रुकने का इंतजार करते नजर आए। स्थानीय लोगों का कहना है कि भले ही बारिश थोड़ी देर की रही हो, लेकिन इसने गर्मी से कुछ समय के लिए राहत जरूर दी। हालांकि, बारिश के बाद बढ़ी उमस ने फिर से परेशानियां खड़ी कर दी। आने वाले दिनों में भी इसी तरह मौसम के बदलते मिजाज बने रहने की संभावना जताई जा रही है।

### रोहित साहू ने...

एक पक्का मॉडल आवास तैयार करवाएंगे।

**संकट के समय पहले भी बन चुके हैं मददगार-** यह पहली बार नहीं है जब विधायक ने पंचराम की सुध ली हो। कुछ समय पूर्व जब पंचराम की तबीयत गंभीर रूप से बिगड़ी थी, तब विधायक रोहित साहू छत्तीसगढ़ से बाहर मथुरा प्रवास पर थे। सूचना मिलते ही उन्होंने तत्काल व्यवस्थाएं सुनिश्चित कीं और बालक के लिए तीन यूनिट रक्त के साथ-साथ बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाईं।

**शानदार कोठी नहीं, पवित्र रंधनी घर है लाल बंगला**

# भुंजिया जनजाति का लाल बंगला, जहां बाहरी व्यक्ति के छूने मात्र से जला दी जाती है रसोई

हरिभूमि न्यूज ⏭ रसेला

आधुनिकता की चकाचौंध के बीच छत्तीसगढ़ के कई इलाके में आदिवासी समाज आज भी अपनी प्राचीन सभ्यता और संस्कृति को बड़ी शिद्दत से सहेजे हुए है। अंचल के कुछ गांवों में इसके जीवंत उदाहरण हैं ,यहां निवासरत भुजिया जनजाति आज भी अपनी उस विशिष्ट परंपरा का निर्वहन कर रही है, जो न केवल उनकी पहचान है, बल्कि पवित्रता और शुद्धता की पराकाष्ठा भी है,इसे वे लाल बंगला' कहते हैं। मान्यता के अनुरूप, लाल बंगला में केवल भुजिया जनजाति के लोग ही प्रवेश कर सकते हैं। अन्य समाज के लोगों को जाने की अनुमति नहीं रहती है। वर्तमान में जहां लोग मंदिर देवालयों का पक्का निर्माण करते हैं, वहीं लाल बंगला मिट्टी से बनाया जाता है। भूलवश अगर कोई ईष्ट देवता को छू दे तो लाल बंगला को जला दिया जाता है। लाल बंगला, दरअसल कोई आलीशान कोठी नहीं, बल्कि भुजिया जनजाति का पवित्र रसोई



घर है, इसे वे 'रंधनी घर' या 'रंधनी कुरिया भी कहते हैं। यह लगभग 10 बाई 10 के मिट्टी के इस कमरे में इनके आराध्य बूढ़ा देव का वास होता है।इस रसोई की शुद्धता का नियम इतना कड़ा है कि यदि समाज के बाहर का कोई व्यक्ति इसे गलती से छू भी दे, तो उस घर के लोग इसे अपवित्र मानकर तुरंत ध्वस्त कर देते हैं। इस अनोखी परंपरा की जड़ें रामायण की खोज में वन गए थे, तब भुजिया जनजाति के पूर्वजों ने अपनी महिलाओं की सुरक्षा के लिए लक्ष्मण रेखा के समान एक घेरा बनाया था। इसी धारणा के तहत आज भी वे अपनी रसोई को एक अभेद्य और सुरक्षित लाल बंगला के रूप में रखते हैं, जहां नियम-कायदे किसी तपस्या से कम नहीं हैं।

**पुरुषों और महिलाओं के बीच श्रम का बंटवारा-** लाल बंगला बनाने की प्रक्रिया भी दिलचस्प है। समाज के प्रमुख देवलाल भुजिया, कुबेर भुजिया ने बताया कि इसके निर्माण में श्रम का स्पष्ट बंटवारा है। पुरुषों का कार्य जंगल से लकड़ी लाना है। मिट्टी तैयार करना और छप्पर छाने का काम केवल पुरुष करते है। इन कार्यों में महिलाओं का भाग लेना वर्जित है। महिलाएं फर्श की लिपाई, दीवारों की पुताई व चूल्हा बनाने की जिम्मेदारी तक सीमित है। इस परंपरा में गोत्र और शुद्धता का विशेष ध्यान रखा जाता है। घर की बेटी जब तक कुंवारी है, तब तक उसे प्रवेश की अनुमति होती है, लेकिन विवाह के बाद वह दूसरे गोत्र का हिस्सा बन जाती है। ऐसे में वह अपने पिता के घर के लाल बंगला में प्रवेश नहीं कर सकती। यहां तक कि बेल्ट पहनकर या जूते लेकर कमरे में जाना वर्जित है।

### उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व में उमड़ा पर्यटकों का सैलाब

**मैनपुर।** उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के जंगल मे इस भीशण गर्मी में लोग राहत पाने के लिए दूर- दूर से आने लगे है पिछले एक पखवाड़े से गोवा एवं दिल्ली से लेकर विभिन्न प्रदेशो से बड़ी सख्या मे पर्यटक उदंती अभ्यारण क्षेत्र पहुंचे और खुले मे विचरण करते वन्यप्राणियों को नजदीक से देखकर अभ्यारण क्षेत्र की जमकर प्रशंसा किया। मिली जानकारी के अनुसार पिछले तीन दिनों से भारत सरकार वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के संयुक्त सचिव वेद प्रकाश मिश्रा के अलावा गोवा से पर्यटकों की टीम एवं भारत सरकार के प्रोजेक्ट एलीफेंट स्टेरिंग समिति के सदस्य मंसूर खान ने उदंती अभ्यारण मे चौकसील पहाड़ी क्षेत्र, वनभैंसा संरक्षण संवर्धन केन्द्र, देवदाहरा जलप्रपात के अलावा पहाड़ी क्षेत्र ओढ आमामोरा पहुंचकर पर्यटन स्थलो मे खुले स्वतंत्र रूप से जंगल मे विचरण करते वन्यप्राणियों की तस्वीर अपने कैमेरे मे कैद किया वन विभाग यहां पहुंचने वाले पर्यटको के लिए जीप्सी व अन्य वाहन की सुविधा उपलब्ध करायी जा रही है।





विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### बंगाल में भी खिला कमल कार्यकर्ताओं में जश्न : प्रीतम

**राजिम।** जिला भाजपा उपाध्यक्ष प्रीतम सिन्हा ने कहा कि देश की राजनीति में एक बार फिर बड़ा बदलाव देखने को मिला है। हाल ही में हुए विधानसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी भाजपा ने तीन राज्यों में शानदार प्रदर्शन करते हुए सरकार बनाने में सफलता हासिल की है। सबसे खास बात यह रही कि पश्चिम बंगाल जैसे लंबे समय से विपक्ष के मजबूत गढ़ माने जाने वाले राज्य में भी भाजपा ने ऐतिहासिक जीत दर्ज कर कमल खिलाने में कामयाबी पाई है। पश्चिम



बंगाल में भाजपा की इस जीत को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और रणनीति का परिणाम माना जा रहा है। चुनाव प्रचार के दौरान मोदी ने कई जनसभाओं को संबोधित किया।जिनमें भारी जनसमूह उमड़ा। उनकी सभाओं और रोड शो ने पार्टी कार्यकताअरं में जोश भरने का काम किया। इसका असर मतदान के दौरान साफ तौर पर देखने को मिला।जहां मतदाताओं ने बड़ी संख्या में भाजपा के पक्ष में मतदान किया।भाजपा नेताओं का कहना है कि यह जीत केवल एक राजनीतिक सफलता नहीं बल्कि विकास और परिवर्तन की जीत है। पार्टी ने चुनाव के दौरान राज्य में विकास, रोजगार,भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई और कानून-व्यवस्था सुधार जैसे मुद्दों को प्रमुखता से उठाया था। मतदाताओं ने इन मुद्दों पर भरोसा जताते हुए भाजपा को समर्थन दिया।जैसे ही चुनाव परिणाम घोषित हुए।पश्चिम बंगाल सहित देशभर में भाजपा कार्यकताअरं के बीच जश्न का माहौल बन गया। जगह-जगह ढोल-नगाड़ों के साथ मिठाइयां बांटी गईं और पटाखे फोड़े गए।

### मोदी सरकार की नीतियों पर जनता ने लगाई मुहर : परदेशी

**नवापारा-राजिम।** भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष परदेशी राम साहू ने कहा कि पश्चिम बंगाल, पाण्डुचेरी एवं असम में भारतीय जनता पार्टी को प्राप्त हुई। यह विजय देश की जागरूक जनता के उस अटूट विश्वास का प्रतीक है, जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सशक्त



नेतृत्व, पारदर्शी शासन और जनकल्याणकारी नीतियों पर निरंतर बना हुआ है। यह जनादेश स्पष्ट रूप से दर्शाता है कि देश की जनता अब विकास, सुशासन, सुरक्षा और आत्मनिर्भर भारत के मार्ग पर आगे बढ़ने के लिए प्रतिबद्ध है। पश्चिम बंगाल में जनता ने बदलाव की दिशा में ऐतिहासिक जनसमर्थन देकर लोकतंत्र को नई मजबूती प्रदान की है। पाण्डुचेरी में स्थिर, जवाबदेह एवं विकासोन्मुख शासन के प्रति विश्वास व्यक्त किया गया है, वहीं असम में भाजपा सरकार के उत्कृष्ट कार्यों पर पुनः भरोसा जताते हुए प्रचंड जनादेश दिया गया है। यह विजय भारतीय जनता पार्टी के करोड़ों समर्पित कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम, संघर्ष एवं सेवा भाव का प्रतिफल है। विशेष रूप से किसान, युवा, महिला एवं गरीब वर्ग ने भाजपा की नीतियों पर भरोसा जताते हुए इस जीत को ऐतिहासिक बनाया है।

### बंगाल में भाजपा की जीत पर चंद्रशेखर ने जताया हर्ष

**राजिम।** भाजपा जिला महामंत्री चंद्रशेखर साहू ने पश्चिम बंगाल, असम एवं पांडिचेरी में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने पर हर्ष व्यक्त की। उन्होंने कहा कि



यह विजय देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की रणनीति, राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन की कुशल संगठन से संगठन के समर्पित कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम, जनसमर्थन एवं पार्टी की जनकल्याणकारी नीतियों का परिणाम है। श्री साहू ने कहा कि पश्चिम बंगाल में जनता ने परिवर्तन का समर्थन करते हुए ममता बैनर्जी के नेतृत्व वाली सरकार के खिलाफ अपना जनमत व्यक्त किया है। वहीं असम में मुख्यमंत्री हिमंता विश्व शर्मा के नेतृत्व में पुनः सरकार बनना जनता के अटूट विश्वास का प्रतीक है।

## जयंती : साहू समाज ने मनाया मां कर्मा जयंती, प्रतिभाओं का हुआ सम्मान

# संगठित समाज ही विकास की दिशा तय करता है : रोहित साहू





हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुरसाबांधा/राजिम

नवगठित जेन्जरा परिक्षेत्र साहू संघ द्वारा ग्राम कसेरुडीह में भक्त माता कर्मा जयंती, सम्मान समारोह एवं वार्षिक अधिवेशन का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पूरे क्षेत्र भर से सामाजिकजन बड़ी संख्या में शामिल हुए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजिम विधायक रोहित साहू रहे। अध्यक्षता राज्य भंडार गृह निगम के अध्यक्ष चंदूलाल साहू ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला साहू संघ के अध्यक्ष प्रवीण साहू, पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष भुवनेश्वर साहू, राजिम भक्तिन मंदिर समिति के अध्यक्ष लाला साहू एवं भाजपा जिला महामंत्री चंद्रशेखर साहू मौजूद थे। इस अवसर पर संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि विधायक रोहित साहू ने शिक्षा, संगठन और युवाओं की भागीदारी को बढ़ाने पर जोर देते हुए कहा कि संगठित समाज ही विकास की दिशा तय करता है। समाज के हर वर्ग को साथ लेकर चलना आवश्यक है। साथ ही विवाह जैसे सामाजिक आयोजनों में बारात समय पर लाने तथा गोधुलि बेला में विवाह सम्पन्न करने की परंपरा अपनाने का आग्रह किया। अध्यक्षता कर रहे राज्य भंडार गृह निगम के अध्यक्ष चंदूलाल साहू ने कहा कि साहू समाज शिक्षा एवं व्यवसाय के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है इसे और सशक्त बनाने की आवश्यकता है। जिला साहू संघ के अध्यक्ष प्रवीण साहू ने युवाओं को शिक्षा के साथ सामाजिक जिम्मेदारियों का निर्वहन करने तथा कुरीतियों को दूर करने के लिए प्रेरित किया। भुवनेश्वर साहू ने समाज के गौरवशाली इतिहास एवं परंपराओं को बनाए रखने, वृक्षारोपण और गौ-पालन को बढ़ावा देने का आह्वान किया। राजिम भक्तिन माता समिति के अध्यक्ष लाला साहू ने धार्मिक एवं सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण पर जोर दिया, जिला पंचायत के पूर्व सदस्य भाजपा जिला महामंत्री चंद्रशेखर साहू ने बच्चों में अच्छे संस्कार, युवाओं को नशामुक्त रहकर आगे बढ़ने तथा संगठन को मजबूत करने की बात कही। स्वागत उदबोधन परिक्षेत्र अध्यक्ष टुमन साहू ने दिया। उन्होने कसेरुडीह में टिन शेड निर्माण की मांग रखी, जिस पर विधायक रोहित साहू ने शीघ्र स्वीकृति का आश्वासन दिया। साथ ही सहसपुर-कसेरुडीह मार्ग के सरगी नाला पर उच्च स्तरीय पुल निर्माण की घोषणा भी की। कार्यक्रम का संचालन नंदकुमार साहू एवं टानिक साहू ने किया। कार्यक्रम के दौरान समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

#### कार्यक्रम में ये रहे उपस्थित



कार्यक्रम में राजिम तहसील अध्यक्ष जगदीश साहू ,परिक्षेत्र उपाध्यक्ष पुरन साहू ,सचिव विदेश साहू ,अंकेक्षक लालजी साहू ,महिला उपाध्यक्ष नंदनी साहू ,संगठन सचिव भगवती साहू ,जनपद सदस्य गोदावरी साहू ,सरपंच लता ध्रुव, कसेरूडीह ग्रामीण अध्यक्ष लालाराम साहू, संतराम साहू ,अमोला साहू ,नारायण साहू ,तीजम साहू ,थानूराम साहू ,हुलास साहू ,संतराम साहू ,सालिक साहू ,सेवा राम साहू ,सदाराम साहू ,फतेराम साहू ,बिसनाथ साहू ,डॉ शेखर साहू ,अशोक साहू ,पुरुषोत्तम साहू,ग्रामीण अध्यक्षगण, गोवर्धन साहू, निहाली साहू, लेखराम साहू, शिवप्रसाद साहू , योगेश्वर साहू,चमन साहू, चेमन साहू, लखन साहू, डहरु साहू, गणेश साहू, उत्तम साहू, बिसाहू साहू , युवा प्रकोष्ट के लोकेश साहू ,उमाशंकर साहू, लिलेश साहू, कन्हैया साहू, लोमश साहू ,टेकराम साहू सहित बड़ी संख्या में सामाजिक पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं समाज के लोग उपस्थित थे।

# विद्युत कर्मचारियों ने सौंपा विधायक रोहित को ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कर्मचारी जनता यूनियन द्वारा चलाए जा रहे प्रदेशव्यापी अभियान के तहत राजिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोहित साहू को विद्युत कर्मचारियों की ज्वलंत समस्याओं और मांगों के संबंध में एक महत्वपूर्ण ज्ञापन सौंपा गया। यह अभियान मजदूर दिवस (1 मई) से 7 मई तक पूरे प्रदेश में चलाया जा रहा है, जिसके माध्यम से जनप्रतिनिधियों का ध्यान विद्युत विभाग के कर्मचारियों की स्थिति की ओर आकर्षित किया जा रहा है। यूनियन द्वारा रखी गई प्रमुख मांगें: यूनियन के पदाधिकारियों ने विधायक के समक्ष 4 सूत्रीय मांगो में प्रमुख रूप से पुरानी पेंशन योजना विद्युत कंपनियों में कार्यरत कर्मचारियों के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए योजना को लागू ,विभाग में वर्षों से अपनी सेवाएं दे रहे समस्त संविदा कर्मचारियों को सीधे नियमित किया जाए। रिक्त पदों पर नियमित भर्ती की प्रक्रिया शीघ्र शुरू की जाए ताकि मैदानी क्षेत्रों में कर्मचारियों की कमी दूर हो सके और बिजली सप्लाई व मेंटेनेंस का कार्य सुचारू रूप से चल सके। आउटसोर्सिंग और ठेका प्रथा को तत्काल समाप्त कर कर्मचारियों के लिए सुरक्षित कार्य वातावरण और उचित वेतन व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इस अवसर पर यूनियन के पदाधिकारियों ने कहा कि ये मांगें न केवल कर्मचारियों के हित में हैं, बल्कि प्रदेश की विद्युत व्यवस्था की गुणवत्ता और स्थायित्व के लिए भी अनिवार्य हैं। विधायक रोहित साहू ने कर्मचारियों की मांगों को गंभीरता से सुना और आश्वासन दिया कि वे इन विषयों पर सकारात्मक पहल करेंगे तथा शासन स्तर पर इन मांगों को मजबूती से रखेंगे। ज्ञापन सौंपने के दौरान छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कर्मचारी जनता यूनियन के मनमोहन सिन्हा, गुलाबचंद साहू, बाबूलाल सोनवानी, धनेंद्र देवांगन, मनीष कंवर, लोमेंद्र तिवारी, विजेंद्र वर्मा, संतोष जोशी, मुकेश वर्मा शिव साहू सहित संघ के सदस्य और कर्मचारी उपस्थित रहे।

## साहू समाज की बाइक रैली...



**सुरसाबांधा।** कसेरूडीह में साहू समाज का वृहत अधिवेशन के पूर्व समाज के युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष दीपक साहू के नेतृत्व में परिक्षेत्र के 13 ग्रामों में मोटरसाइकिल रैली निकाली गई तथा सहसपुर से कार्यक्रम स्थल तक भव्य रैली निकालकर अतिथियों का स्वागत किया गया।

### सीबीएसई 10 वीं बोर्ड में सृष्टि सोलंके प्रथम

**गरियाबंद।** छत्तीसगढ़ बोर्ड स्कूल एक्जामिनेशन कक्षा 10 वीं में इस सत्र श्रद्धा पब्लिक स्कूल गरियाबंद का परीक्षा परिणाम काफी उत्साहजनक रहा है। विशेषकर इस स्कूल की छात्राओं ने उच्च परिणाम प्राप्त किया है।



सीबीएसई 10 वीं की छात्रा सृष्टि सोलंके ने 90.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। सृष्टि की इस सफलता पर, परिजनों के साथ साथ स्कूल प्रबंधन द्वारा भी शुभकामना व्यक्त की गई है। सृष्टि ने अपनी सफलता को लेकर अपना अनुभव साझा करते बताया कि लगातार मेहनत और परिवार का सहयोग, साथ ही शिक्षकों के मार्गदर्शन से उनका उत्साहवर्धन हुआ है। सृष्टि की उपलब्धि पर उनके पिता रामराव सोलंके माता शीला सोलंके, भाई व बहन हर्ष तथा संतुष्टि सोलंके ने हर्ष व्यक्त किया है। श्रद्धा पब्लिक स्कूल में कक्षा 10 वीं बोर्ड में सृष्टि के साथ साथ नशरा सिद्दीकी ने 87.4 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरा स्थान प्राप्त किया है। इसी तरह कनिष्का बिप्रे ने 84.2 प्रतिशत अंक लेकर तीसरा स्थान प्राप्त किया है।

# बंगाल में पहली बार भाजपा सरकार ममता के शासन का अंत : चंदूलाल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

पश्चिम बंगाल, असम एवं पांडिचेरी में भारतीय जनता पार्टी की प्रचंड और ऐतिहासिक विजय पर छग राज्य भंडार गृह निगम के अध्यक्ष पूर्व सांसद चंदूलाल साहू की मौजूदगी में उनके निवास के सामने भव्य विजय उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर श्री साहू ने कहा कि पश्चिम बंगाल की राजनीति में एक नया इतिहास लिखा गया। राज्य में पिछले डेढ़ दशक से जारी तृणमूल कांग्रेस के वर्चस्व को ध्वस्त करते हुए भारतीय जनता पार्टी ने प्रचंड बहुमत के साथ सत्ता हासिल कर ली है। प्रधानमंत्री मोदी और अमित शाह के नेतृत्व पर भरोसा जताते हुए बंगाल की जनता ने भाजपा को 207 सीटों के साथ जादुई आंकड़े के पार पहुंचा दिया है। श्री साहू ने कहा कि इसी खुशी में राजिम के भाजपा कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी के साथ पश्चिम बंगाल के रंग के साथ वहाँ के प्रसिद्ध मिठाई और व्यंजन झालमुरी खिलाकर विजय जश्न मनाये, यह जीत सिर्फ एक चुनावी परिणाम नहीं, बल्कि जनता के अटूट विश्वास, विकास की नीति और मजबूत नेतृत्व पर लगी मुहर है इस ऐतिहासिक दिन पर सभी कार्यकर्ताओं को पश्चिम बंगाल, असम, पांडिचेरी में भाजपा सरकार बनने पर शुभकामना दी। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष महेश यादव, राजिम भाजपा मंडल अध्यक्ष रिकेश साहू, नपा उपाध्यक्ष पूर्णिमा चंद्राकर, कोषाध्यक्ष शैलेंद्र साहू, सभापति आकाश राजपूत, भारत यादव, अजय पटेल, सुरेश पटेल, सोमनाथ पटेल, महिला मोर्चा अध्यक्ष कांति सोनकर, महामंत्री मनीषा शर्मा, उत्तम निषाद, शरद पारकर, संजीव साहू, ऋषि दुबे, बादल साहू, मोहन साहू, यशवंत पटेल, रिंकू मोरे, पवन सोनी सहित भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

# मौसम ने ली करवट, आंधी ने मचाई दहशत, बिजली गुल से बढ़ी परेशानी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा

क्षेत्र मे मंगलवार देर शाम अचानक मौसम ने करवट ली और तेज आंधी-तूफान ने लोगों को दहशत में डाल दिया। तेज हवाओं के साथ हल्की बारिश भी हुई, जिससे जहां एक ओर भीषण गर्मी से लोगों को राहत मिली, वहीं दूसरी ओर कई इलाकों में बिजली गुल हो जाने से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। आंधी के कारण कई जगह पेड़ की टहनियां टूटकर सड़कों पर गिर गईं, जिससे आवागमन भी प्रभावित हुआ। अचानक आए इस बे-मौसम बदलाव ने जनजीवन को कुछ समय के लिए अस्त-व्यस्त कर दिया। वहीं, इस मौसम परिवर्तन को लेकर किसान वर्ग चिंतित नजर आ रहा है। फसलों पर इसका असर पड़ने की आशंका जताई जा रही है। खासकर जिन किसानों की फसल कटाई के करीब है, उनके लिए यह बारिश नुकसानदायक साबित हो सकती है। मौसम के इस अचानक बदले मिजाज ने एक ओर जहां गर्मी से राहत दी, वहीं दूसरी ओर लोगों की परेशानियां भी बढ़ा दीं।

# बुजुर्ग वृद्ध महिला ने गौरीशंकर कश्यप को दिया आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

गरियाबंद जिला पंचायत अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप द्वारा लगातार अपने निर्वाचन क्षेत्र का दौरा कर जहां एक ओर ग्रामीणो की समस्याओ के समाधान के लिए प्रयास किया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर राज्य व केन्द्र सरकार के योजनाओं के बारे में लोगों को बता कर ज्यादा से ज्यादा



योजनाओं का लाभ दिलाया जा रहा है। ग्राम मोगरओढा भूमिपूजन कार्यक्रम में पहुंचे जिला पंचायत अध्यक्ष को अपने घर से बैठकर एक टक देखते एक बुढ़ी मां पर जैसे ही अध्यक्ष की नजर पड़ी उन्होने उनसे आशीर्वाद लेने पहुंचा तो बुढी मां ने जिला पंचायत अध्यक्ष को गले से लगा लिया और उनके माथे को चूम लिया साथ ही उन्हे आशीर्वाद देने लगी।

## बारिश की बाधा और मेले की परेशानी होगी दूर

# 6.74 करोड़ की लागत से बनेगा सतधरा मार्ग पर पुल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा

खुटेरी, कौनद्केरा खुड़यिाडीह सतधरा मार्ग पर 6 करोड़ 74 लाख रुपये की लागत से उच्च स्तरीय पुल निर्माण की स्वीकृति मिलने के बाद क्षेत्र में खुशी का माहौल है। लंबे समय से इस पुल की मांग कर रहे ग्रामीणों ने विधायक रोहित साहू के निवास पहुंचकर बधाई दी और आभार व्यक्त किया। बेनीशंकर साहू सरपंच खुटेरी मोती निषाद जिला अध्यक्ष ढ़ेलू रामनिषाद 12 पाली अध्यक्ष मनोज यादव सरपंच प्रतिनिधि कौन्दकेरा कृष्णा साहू ग्रामीण अध्यक्ष खुंडियाडीह ढालचंद निषाद उपसरपंच कोमल निषाद चिंताराम साहू लेखु शंकर इतवारी देवचरण शिवयादव डिगेश नंदकुमार अश्वनी धनेश लोकेश्वर प्रहलाद चितरंजन



बिसेलाल दौलाल हिरेंद्र रूपचंद लालाराम रामलाल श्यामलाल मोहन किशुन मनोहर कल्याण ग्रामीणों ने बताया कि यह मांग वर्षों से लंबित थी, जिससे खासकर बारिश के दिनों में लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। नदी में जलस्तर बढ़ने पर आवागमन पूरी तरह बाधित हो जाता था, जिससे मंदिर तक पहुंचना भी मुश्किल हो जाता था। सतधरा क्षेत्र में प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले नदी मेले में लाखों की हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं, लेकिन पुल के अभाव में उन्हें कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। अब पुल निर्माण की स्वीकृति मिलने के बाद श्रद्धालु आसानी से मंदिर तक पहुंच सकेंगे और क्षेत्र के विकास को भी गति मिलेगी।

**विकास को मिलेगी नई गति-** ग्रामीणों ने कहा कि विधायक रोहित साहू के सतत प्रयासों से यह स्वीकृति संभव हो पाई है। इस उपलब्धि पर ग्रामीणों ने खुशी जताते हुए कहा कि यह पुल क्षेत्र के लिए किसी बड़ी सौगात से कम नहीं है।

पुल निर्माण से न केवल आवागमन सुगम होगा, बल्कि आसपास के गांवों की कनेक्टिविटी भी मजबूत होगी और स्थानीय लोगों को रोजमर्रा की परेशानियों से राहत मिलेगी।

